**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:08.08.2022**

# AAJ SAMAJ

## अभियान को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया पॉडकास्ट

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग ने हर घर तिरंगा अभियान को बढ़ावा देने के लिए पॉडकास्ट शुरू किया है। पॉडकास्ट का उद्देश्य छात्रों को ध्वज के प्रति प्रेम, सम्मान और देशभक्ति की भावना को जगाना और राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता को बढावा देना है। राष्ट्रीय ध्वज दिवस 2022 के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत इस अभियान की घोषणा की थी। पहला पॉडकास्ट सहायक प्रोफेसर डॉ. भारत धीमान और डॉ. तरुना नरूला के मार्गदर्शन में पत्रकारिता और जनसंचार के बीएजेएमसी द्वितीय सेमेस्टर के छात्र अगम सिंह द्वारा लिखा और रिकॉर्ड किया गया। पूरी पहल विभाग के अध्यक्ष डॉ पवन सिंह द्वारा डिजाइन की गई थी। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त तक नए विचारों और नवाचारों के साथ और एपिसोड रिकॉर्ड किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह अभियान व्यक्तिगत रूप से हमें अपने राष्ट्रीय झंडे से जुड़ने में मदद करेगा। डीन, (फ्लैम्स) प्रो. डॉ. अतुल मिश्रा ने छात्रों और शिक्षकों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह अभियान राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है।

**NEWS CLIPPING:08.08.2022**

# AMAR UJALA

## 'हर घर तिरंगा' को बढ़ावा देने के लिए विवि ने शुरू किया पॉडकास्ट

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (विवि) के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग ने 'हर घर तिरंगा' अभियान को बढ़ावा देने के लिए पॉडकास्ट शुरू किया है। इसके जरिए छात्र राष्ट्रीय ध्वज के प्रति प्रेम, सम्मान और देशभक्ति की भावना को जगाने के साथ इसके बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है। राष्ट्रीय ध्वज दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत इस अभियान की घोषणा की थी। पहला पॉडकास्ट सहायक प्रोफेसर डॉ. भारत धीमान और डॉ. तरुना नरूला के मार्गदर्शन में बीएजेएमसी द्वितीय सेमेस्टर के छात्र अगम सिंह द्वारा रिकॉर्ड किया गया। संवाद

**NEWS CLIPPING:08.08.2022**

# HINDUSTAN

## अभियान को बढ़ावा देने के लिए पॉडकास्ट

**फरीदाबाद।** जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग ने 'हर घर तिरंगा' अभियान को बढ़ावा देने के लिए पॉडकास्ट शुरू किया है। पॉडकास्ट का उद्देश्य छात्रों में देशभक्ति की भावना को जगान है। पहला पॉडकास्ट डॉ. भारत धीमान और डॉ. तरुना नरुला के मार्गदर्शन में पत्रकारिता और जनसंचार के बीएजेएमसी द्वितीय सेमेस्टर के छात्र अगम सिंह द्वारा लिखा और रिकॉर्ड किया गया।

**NEWS CLIPPING:08.08.2022**

# PIONEER

## 'हर घर तिरंगा' अभियान को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया पॉडकास्ट

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग ने 'हर घर तिरंगा' अभियान को बढ़ावा देने के लिए पॉडकास्ट शुरू किया है। पॉडकास्ट का उद्देश्य छात्रों को ध्वज के प्रति प्रेम, सम्मान और देशभक्ति की भावना को जगाना और राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरुकता को बढ़ावा देना है। राष्ट्रीय ध्वज दिवस 2022 के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत इस अभियान की घोषणा की थी। पहला पॉडकास्ट सहायक प्रोफेसर डॉ. भारत धीमान और डॉ. तरुना नरूला के मार्गदर्शन में पत्रकारिता और जनसंचार के बीएजेएमसी द्वितीय सेमेस्टर के छात्र अगम सिंह द्वारा लिखा और रिकॉर्ड किया गया।